# राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान

स्वयंसिद्धा परिसर, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर।
E-mail-directorrrri@gmail.com

क्रमांक :– 150 दिनांकः– 01/06/2026

श्रीमान् ए.सी.पी., मुख्यावास,
निदेशालय विशेष योग्यजन,
जयपुर।

विषयः–वेबसाईट पर B.Ed ID का आवेदन पत्र व प्रवेश संबंधी सूचना एवं शर्तें अपलोड करने के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि श्रीमान आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 01.06.2026 को भारत सरकार के भारतीय पुनर्वास परिषद् में वार्ता कर B.Ed ID में प्रवेश हेतु आज दिनांक 01.06.2026 को विज्ञप्ति जारी करने व आवेदन पत्र तथा उसके साथ आवश्यक दस्तावेज से संबंधी शर्तों को आज ही अपलोड़ करावे। उक्त निर्देशों की पालना में लेख है कि कृपया आवेदन पत्र व उसके साथ प्रवेश संबंधी सूचना विभाग वेबसाईट http://dsap.rajasthan.gov.in/ पर अपलोड करवानें का श्रम करावे।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(मनोज शर्मा)
निदेशक

क्रमांक-151-152 दिनांक-01/06/2026

प्रतिलिपिः–

1. निजी सचिव, श्रीमान आयुक्त महोदय, निदेशालय विशेष योग्यजन, जयपुर।
2. रक्षित पत्रावली।

निदेशक

RajKaj Ref No.: 22559008
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Manoj Kumar Sharma
Designation : Director
Date: 2026.06.01 16:32:57 IST
Reason: Approved

Office Rajasthan Rehabilitation and Research Institute
Samajik Nyay Sankul, Agara Road, Jamdoli, Jaipur
E-mail - directorrrri@gmail.com

## Academic Session 2026-28

APPLICATION FOR ADMISSION TO B.Ed. ID

1. Name of the Applicant: ............................................................................
2. Name of the Parents/Guardian: ................................................................
3. Date of Birth (DD/MM/YY): .....................................................................
4. Gender: Male/Female/Others: ..................................................................
5. Age in Year & Month .............. (YEAR............. MONTH............. DAYS.......)
6. Nationality: ..........................Domicile (Rural/Urban) .....................................
7. Category:GEN.......EWS......SC..........ST..........OBC..........MBC........PWD........
8. Annual Family Income (From all Sources)...........................................................
9. Address for:

| | Correspondence | permanent |
|---|---|---|
| Village/Ward | | |
| Teh. & District | | |
| State | | |
| Pincode | | |
| Mobile No. | | |
| Email id | | |

10. Details of Examination Passed:

| S.No. | Name of the Board/University | Year of Passing | Total Marks | Marks Obtained | % Obtained | Subjects |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

Declaration: I declare that the information provided in this application is true and correct to the best of my knowledge. I understand that any false information or misrepresentation may result in the rejection of my application or withdrawal of admission.

Applicant's Signature ..................... Parents/Guardian Signature ..............................

**Note: - Self attested copies of Caste, Domicile, Aadhaar Card, and Income Certificate, Mark sheets etc. should be including with the Application form.**

## Acknowledgement

**Form NO…………**

Rajasthan Rehabilitation and Research Institute (RJ 094) B.Ed special education Near ICFAI University and infornt of Cambay Golf Resort, Samajik nyay Sankul Parishar Agra Road, Jamdoli Jaipur (Rajasthan) 302031

Received Application form………………………………………………………………………

S/o/D/o/W/o…………………………………………………………………………………………..

For the Academic session……………..

Date

Place

Name and signature of form Receiver

# राजस्थान सरकार
# निदेशालय विशेष योग्यजन
# कार्यालय राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान

सामाजिक न्याय संकुल, आगरा रोड, जामडोली, जयपुर।
Email- directorrrri@gmail.com

## —:प्रवेश संबंधी सूचनाः—

भारतीय पुनर्वास परिषद एवं राजस्थान विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त विशेष शिक्षा मे बी.एड.(आई.डी.) द्विवर्षीय पाठ्यक्रम के शैक्षणिक वर्ष 2026—28 के प्रथम वर्ष **2026—27 में प्रवेश हेतु प्रवेश फॉर्म आमंत्रित किये जाते हैं।** जिसकी योग्यता निम्न है:—

Candidate with at least fifty percent marks either in the Bachelor's Degree and/or in the Master's degree in Sciences/Social Sciences/Humanities, Bachelor's in Engineering or Technology with specialization in Science and Mathematics with 55% marks or any other qualification equivalent thereto, are eligible for admission to the programme.

आवेदन पत्र निदेशालय विशेष योग्यजन की वेबसाईट http://dsap.rajasthan.gov.in/ 01.06.2026 से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.सं. | विवरण | प्रस्तावित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि (प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ) | 01.06.2026 |
| 2. | आवेदन जमा कराने की अंतिम तिथि | 30.06.2026 |
| 3. | निदेशालय विशेष योग्यजन की वेबसाइट/नोटिस बोर्ड पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की प्रथम वरीयता सूची | 08.07.2026 |
| 4. | प्रथम वरीयता सूची में प्रवेशित अभ्यर्थियों द्वारा फीस जमा कराने की अंतिम तिथि | 15.07.2026 |
| 5. | निदेशालय विशेष योग्यजन की वेबसाइट/नोटिस बोर्ड पर प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की द्वितीय वरीयता सूची | 22.07.2026 |
| 6. | द्वितीय वरीयता सूची में प्रवेशित अभ्यर्थियों द्वारा फीस जमा कराने की अंतिम तिथि | 27.07.2026 |

| 7. | **OPEN ROUND**<br>प्रथम एवं द्वितीय वरीयता सूची से रिक्त रही सीटों हेतु समस्त आवेदक ओपन राउण्ड हेतु पात्र हैं। इस हेतु किसी भी अभ्यर्थी को अलग से किसी भी माध्यम से सूचित नहीं किया जावेगा। रिक्त रही सीटों के आधार पर उपस्थित आवेदनकर्ताओं की वरीयता सूची बनाकर श्रेणीवार सीटों पर प्रवेश दिया जावेगा। | 30.07.2026 व समय 12.00 बजे |
|---|---|---|

## शर्ते:—

1. उक्त वेबसाईट से प्रवेश फॉर्म का प्रिंट लेकर उसे पूर्ण भरकर, आवश्यक दस्तावेज सहित 30.06.2026 तक डाक द्वारा निदेशक, राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान, जयपुर 302031(Raj) को भिजवाये या संस्थान में व्यक्तिशः उपस्थित होकर कार्यालय समय में अंतिम तिथि 30.06.2026 तक जमा कराये जा सकते हैं।
2. आवेदन पत्र कार्यालय में व्यक्तिशः या डाक द्वारा दिनांक 01.06.2026 से 30.06.2026 कार्यालय समय में ही स्वीकार्य होंगे।
3. अंतिम तिथि 30.06.2026 को सांय 6.00 बजे के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. प्रवेश संबंधित समस्त सूचना वेबसाईट https://dsap.rajasthan.gov.in/ पर तथा संस्थान के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।
5. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को निर्धारित योग्यता की अंकतालिका आवेदन की अंतिम तिथि तक प्रवेश फॉर्म के साथ जमा करवाना अनिवार्य होगा। अन्यथा आवेदन फॉर्म को अधूरा मानते हुए निरस्त कर दिया जायेगा।
6. चयनित छात्र/छात्राओं को संस्थान में प्रतिदिन अध्ययन हेतु नियमित रूप से उपस्थित होना होगा।
7. चयनित छात्र/छात्राओं को संस्थान में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु फीस राशि 26880/— (छब्बीस हजार आठ सौ अस्सी रूपये) का डी.डी. Director, Rajasthan Rehabilitation & Research Institute, Jaipur या निदेशक, राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान, जयपुर के नाम से जमा कराना होगा।
8. वरीयता सूची में शामिल प्रवेश हेतु इच्छुक सभी अभ्यर्थी कार्यालय में मूल दस्तावेज यथा अंकतालिका (10वीं, 12वीं व स्नातक), जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास, आधार कार्ड, 2 फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होवे।

9. अभ्यर्थी द्वारा जमा कराये गये दस्तावेजों संबंधित विश्वविद्यालय द्वारा यदि किसी प्रकार का कोई आक्षेप/रोक लगायी जाती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी एवं जमा करायी गयी राशि का डी.डी. वापस नहीं किया जायेगा।

10. उक्त चयन प्रक्रिया भारतीय पुनर्वास परिषद(RCI) के मान्यता अभिवृद्वि निरीक्षण के अध्याधीन रहेगी।

11. संस्थान में रिक्त रही सीटों की स्थिति दिनांक 28.07.2026 को कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर श्रेणीवार संख्या देखी जा सकती है।

12. प्रथम व द्वितीय वरीयता सूची जारी करने के पश्चात् भी संस्थान में रिक्त रही सीटों का ओपन राउण्ड 30.07.2026 को दोपहर 12 बजे रखा गया है।

13. इस ओपन राउण्ड के लिए किसी भी छात्र–छात्रा को दूरभाष या रजिस्टर्ड डाक या अन्य किसी माध्यम से सूचित नहीं किया जावेगा। इच्छुक छात्र–छात्रा दिनांक 28.07.2026 को संस्थान में रिक्त रही सीटों के लिए ओपन राउण्ड में भाग ले सकते है।

निदेशक
राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान

# राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान

स्वयंसिद्धा परिसर, आगरा रोड़, जामडोली, जयपुर।
E-mail-directorrrri@gmail.com

क्रमांक : 149 दिनांक: 01-06-2026

आयुक्त,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
राजस्थान जयपुर।

विषयः—राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान, जामड़ोली, जयपुर में बी.एड. (बौद्विक दिव्यांगता) दो वर्षीय पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2026—28 में प्रवेश हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित कराने बाबत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान, जामडोली जयपुर में बी.एड. (बौद्विक दिव्यांगता) दो वर्षीय पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2026—28 में प्रवेश हेतु विज्ञप्ति पत्र के साथ सलंग्न कर प्रेषित करते हुए निवेदन है कि इस एक प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय समाचार पत्र (राजस्थान राज्य के संस्करण) में न्यूनतम स्पेस में प्रकाशित करवाकर बिल निदेशक, राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान, जामडोली के नाम से दो प्रतियों में मय प्रकाशित अखबार की प्रति सहित भिजवाने का श्रम करावें।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार।

**भवदीय,**

**(मनोज शर्मा)**
**निदेशक**

Signature valid
Digitally signed by Manoj Kumar Sharma
Designation : Director
Date: 2026.06.01 15:32:17 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 22554749
M e-Sign

# राजस्थान सरकार
# निदेशालय विशेष योग्यजन
# कार्यालय राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान

सामाजिक न्याय संकुल, आगरा रोड, जामडोली, जयपुर।
Email- directorrrri@gmail.com

## –:विज्ञप्तिः–

राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान, जामडोली, जयपुर मे बी.एड. (बौद्धिक दिव्यांगता) दो वर्षीय पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2026–28 में प्रवेश हेतु दिनांक 01.06.2026 से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र व प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी निदेशालय विशेष योग्यजन की वेबसाइट www.dsap.rajasthan.gov.in से प्राप्त कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित डाक द्वारा या व्यक्तिशः कार्यालय में अंतिम तिथि 30.06.2026 को सायं 6:00 बजे तक जमा करा सकते है।

1/6/2026

निदेशक
राजस्थान पुनर्वास एवं शोध संस्थान